# कार्यालयः– जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम (राज.)

क्रमांकः– 29 दिनांकः–03/1/2024

निविदा सूचना

जिला एवं सेशन न्यायालय,जयपुर महानगर प्रथम एवं इससे संबंधित न्यायालयों में लगे हुए विभिन्न कंपनियों के प्रिंटर्स/फोटोकॉपियर्स के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 मे कार्टेज की अनुमानित लागत रूपये 5.70 लाख की खरीद हेतु अधिकृत विक्रेताओं/डीलर्स/विनिर्माताओं से मुहरबंद निविदा दरें आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें दिनांक 11.01.2024 को अपरान्ह् 01:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस को लेखा शाखा में शुल्क रूपए 500/– जमा करवाकर प्राप्त कर सकते है। भरी हुई निविदाएं दिनांक 11.01.2024 को अपरान्ह् 03:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 04:30 पी.एम. पर खोली जावेगी। निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं शर्तें **dc-jaip-rj@nic.in** व राज्य सरकार की वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर तथा इस कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है।

NIB – MET2324A0010
UBN – MET2324GSOB00010

अध्यक्ष,
स्थायी क्रय समिति
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–I

क्रमांकः– 29 दिनांकः– 03/1/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

01. श्रीमान जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–I
02. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय लेखा शाखा/भण्डार शाखा, जयपुर महानगर–I
03. सिस्टम ऑफिसर, कम्प्युटर शाखा–कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि खुली प्रतियोगी बोली सूचना एवं संलग्न किये गये बोली प्रपत्र व अन्य दस्तावेजों को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट पर अविलम्ब अपलोड करावें।
04. नोटिस बोर्ड/आदेश पत्रावली/सम्बन्धित पत्रावली।

अध्यक्ष,
स्थाई क्रय समिति
जिला एवं सैशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–I

प्रथम

# कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

## निविदा प्रारूप (तकनीकी बिड)

निविदा प्रपत्र शुल्क 500/–(वापसी योग्य नहीं)

| क. सं0 | कार्य का नाम | जिला न्यायालय एवं इससे संबंधित न्यायालयों हेतु प्रिन्टर्स/फोटोकॉपियर्स की कार्टेज का क्रय वर्ष 2023–24 |
|---|---|---|
| 1. | अनुमानित राशि | रूपये 05.70 लाख |
| 2. | अमानत राशि | रूपये 11,400/– |
| 3. | निविदा प्रपत्र बेचने की अंतिम तिथि एंव समय | दिनांक 11.01.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक |
| 4. | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एंव समय | दिनांक 11.01.2024 अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 11.01.2024 अपराह्न 04:30 बजे |
| 6. | किसको संबोधित किया गया है | जिला एवं सेशन न्यायाधीश,<br>जयपुर महानगर–प्रथम |
| 7. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व पता एवं मोबाइल नंबर | ................................................<br>................................................<br>................................................<br>................................................ |
| 8. | आवेदन शुल्क राशि<br>नकद रसीद सं0/डी0डी0 नं. व दिनांक (संलग्न) | 500/–रूपये/नियमानुसार<br>................................................<br>................................................ |
| 9. | अमानत राशि, डी0डी0/बैंकर चैक दिनांक मय बैंक शाखा का नाम व राशि (संलग्न) | रूपये................................................<br>................................................<br>................................................ |
| 10. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के अधिकृत व्यक्ति का नाम व पदनाम | |
| 11. | निविदा प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत व्यक्ति का पता | |
| 12. | अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र | (संलग्न हॉ/नहीं) |
| 13. | मोबाईल नं0 | 1–<br>2– |
| 14. | ई–मेल आईडी | |
| 15. | SSI/MSME रजिस्ट्रेशन यदि हो (प्रति संलग्न) | हॉ/नहीं (लागू हो उसे √ करें) |
| 16. | रूपये 50/–के **नॉन ज्यूडिशियल के स्टाम्प** पर घोषणा<br>संलग्नप्रारूपः–**ANNEXURE(01)** | |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर (सर्टिफिकेट–सलंग्न) | |
| 18. | गत दो वर्ष (2021–22, 2022–23) का प्रति वित्तीय वर्ष वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम राशि 11,40,000/– रूपये,टर्न ओवर के प्रमाण पत्र (प्रति संलग्न) | टर्न ओवर 2021–22 रू0............................. टर्न ओवर 2022–23 रू0............................. |
| 19. | निविदादाता द्वारा गत वर्षो में राज्य सरकार/ बोर्ड/ विश्वविद्यालय/स्वायत्तशासी संस्थाओं को आपूर्ति हेतु प्राप्त आदेशों का विवरण संलग्नप्रारूपः–**ANNEXURE(02)** | |

मैं/हम जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम द्वारा जारी की गयी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक...............दिनांक..................में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न बोली दस्तावेजों में दी गयी उक्त निविदा सूचना की सभी शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

नाम मय सील

# कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम

## निविदा प्रारूप (प्राईस बिड)

निविदा क्रमांक ................ दिनांक...................

प्रस्तुत दरो का विवरण

| S.No | Name Of Items | Make | Approx Tender Cost | Rate per unit (in Rs.) | Taxes (If any) | Total Amount With Taxes |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Canon Printer (Toner 337) | OEM | रूपए 5.70 लाख | | | |
| 2. | Samsung Printer (Toner MLTD115L) | OEM | | | | |
| 3. | HP Printer Laserjet P1566 (Toner78A) | OEM | | | | |
| 4. | HP Printer Laserjet M1136 (Toner88A) | OEM | | | | |
| 5. | Kyocera Printer Cartridge TK 1158 | OEM | | | | |
| 6. | Konica Minolta Pagerpro 1500W (TNP285) | OEM | | | | |
| 7. | HP Laserjet M208DW(Toner 137A) | OEM | | | | |
| 8. | Canon Printer LBP 6230dn (Toner 326) | OEM | | | | |
| 9. | Tosiba Photocopier Machine (T2323P) | OEM | | | | |
| 10. | Sharp Photocopier Machine (Toner MX237AT) | OEM | | | | |
| 11. | HP Printer Laserjet Tank MFP 2606 158X | OEM | | | | |
| 12. | Canon Photocopier Machine (Toner NPF 59) | OEM | | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

## ::निविदा एवं अनुबन्ध की शर्तें::

1. अमानता राशि अथवा बोली प्रतिभूति राशि निविदा राशि की 02 प्रतिशत होगी। एस.एस.आई. अथवा रूग्ण इकाईयों को नियमानुसार सीमा तक छुट दी जा सकेगी। इस हेतु आवश्यक प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
2. बिना अमानता राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. निविदा प्रपत्र दो भागों में होगा–(1)तकनीकी बिड (2) प्राइस बिड।
4. तकनीकी बिड में सफल पाए गए निविदादाताओं की ही प्राइस बिड खोली जाएगी।
5. निविदा में उन्हीं आईटम्स की दरें डाली जावें जिनके लिए संबंधित निविदादाता फर्म संबंधित कम्पनी से चालू वित्तिय वर्ष में विक्रय हेतु अधिकृत है। जिन आईटम्स् के लिए विक्रेता विक्रय हेतु अधिकृत नहीं उनकी दरों पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा तथा इस बाबत् समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
7. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये एव निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो )पर दिनांक सहित लघु हस्ताक्षर किये जायें।
8. स्वीकृत निविदा वाली फर्म को नियमानुसार रू0 500/–के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक अनुबंध पत्र का निष्पादन करना होगा।
9. सशर्त निविदा दरें स्वीकार नही की जायेगी।
10. प्रस्तुत की जा रही दरों में समस्त टैक्स, चुंगी, पैकिंग, किराया–भाडा या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोडकर ही दरें प्रस्तुत की जायेंगी।
11. फर्म द्वारा सप्लाई आदेशानुसार माल नियत अवधि में सप्लाई करना होगा अन्यथा राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार दण्ड से आरोपित किया जा सकेगा।
12. क्रय समिति को अधिकार होगा कि वह एक से अधिक फर्मों की दरें स्वीकृत कर सके। सभी प्रकार की कार्टेज ओरिजनल (OEM) ही आपूर्ति की जाएगी। काम्पीटेबल/स्टार्टर कार्टेज स्वीकार नहीं की जाएगी।
13. माल की आपूर्ति जिला न्यायालय, जयपुर महानगर–प्रथम के स्टोर में एफ.ओ.आर. की जायेगी। जिसका अलग से कोई भाडा देय नहीं होगा।
14. सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म जी.एस.टी. के तहत पंजीकृत फर्म होनी चाहिए एवं उनके द्वारा अपने स्तर पर संबंधित सर्किल से नवीनतम क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट प्राप्त कर निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
15. अनुमोदित दरें निविदाएं खोले जाने की तिथि से वित्तीय वर्ष 2023–24 की समाप्ति तक मान्य होगी।
16. अनुमोदित प्रदायकर्ता के लिए यह समझा जावेगा कि उसके द्वारा प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की दशा, स्पेसिफिकेशन, साईज, मेक आदि के बारे में सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है और यदि इन शर्तों में इनके आशय के बारे में कोई संदेह हो तो वह निविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व संदेह के निराकरण हेतु क्रेताअधिकारी को भेजेगा एवं उससे स्पष्टीकरण मांगेगा, जो कि अंतिम एवं मान्य होगा।
17. प्रदाय की जा रही कार्टेज निविदा के निर्धारित मापदण्ड, ट्रेडमार्क आदि से पूर्णतया निविदा के अनुरूप होगी तथा जहां पर वस्तुओं की आईएसआई मापदण्ड की अपेक्षा की गयी है, उसके अनुरूप होनी चाहिए। कार्टेज की मौलिकता (ऑरिजनलटी) की जांच विभागीय स्तर पर आवश्यक रूप से की जाएगी। माल सही पाए जाने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। डुप्लीकेट माल आपूर्ति किए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में ली जाएगी।

18. आपूर्ति की जा रही सामग्री निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं होने पर सामग्री की आपूर्ति को आपूर्तिकर्ता की जोखिम पर रद्द कर दिया जावेगा, जिसे आपूर्तिकता अपने खर्चे पर बदल कर सही आपूर्ति करेगा एवं रद्द की गई सामग्री वापिस प्राप्त करेगा। ऐसा नहीं करने पर खराब आपूर्ति को जब्त किया जा सकता है।

19. आपूर्तिकर्ता सप्लाई किए जा रहे माल की पूर्णतः पैकिंग कर जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर–प्रथम के स्टोर में भिजवाने की व्यवस्था करेगा।

20. बजट प्रावधान तथा वास्तविक आवश्यकता के मद्देनजर निविदा प्रपत्र में दी गयी सामग्री की मात्रा में कमी या बढोतरी की जा सकती है।

21. निविदा में उन्हीं फर्मों को प्राथमिकता दी जा सकती है जो वास्तव में उत्पादक कम्पनी से मान्यता प्राप्त प्राधिकृत डीलर है तथा आपूर्ति करने की क्षमता रखते है एवं जिनके पास स्वयं का स्टोर है। पुष्टि हेतु गत दो वर्ष के टर्नओवर की रिपोर्ट संलग्न की जाये।

22. उक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य सभी शर्तें एवं नियम सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम, राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा राज्य सरकार एवं माननीय राज0 उच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप लागू होंगी।

23. सफल निविदादाता/दरदाताओं को सप्लाई आदेश की पांच प्रतिशत राशि प्रतिभूति राशि के रूप में अनुबंध के साथ जमा करवानी होगी। एसएसआई एवं रूग्ण औद्योगिक ईकाइयों को नियमानुसार सीमा तक छूट दी जायेगी।

24. आपूर्तिकर्ता फर्म को सप्लाई किए जा रहे सामान के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

25. कोई भी विवाद होने की स्थिति में जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–प्रथम का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

26. निविदादाता द्वारा निविदा डोक्यूमेंट के प्रत्येक पृष्ठ (शर्तों सहित) पर अपने हस्ताक्षर करने होगें तथा फर्म/संस्थान की मुहर भी अंकित करनी होगी।

हम शपथ पूर्वक जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर प्रथम द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना कमांक.................. दिनांक..........................में वर्णित सभी शर्तों 1 लगायत 26 के अनुसार उक्त निविदा सूचना की शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये है।

निविदादाता के हस्ताक्षर
पता व सील..............................

मोबाईल नम्बर...........................

50/–रू0 का नॉन ज्यूडिशियल स्टांप

Annexure-'01'

## घोषणा पत्र

**कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर–प्रथम** के लिये आमंत्रित निविदा सूचना की समस्त जानकारी/शर्तो का मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि **जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर–प्रथम** का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य/आपूर्ति हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित सामग्री उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट, डिफाल्टर या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। दी गई दरें क्रेता अधिकारी के कार्यालय तक पहुँचाने की है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बिड को रद्द किया जा सकेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैंने/हमने जिन वस्तुएँ/स्टोर्स/उपकरणों के लिये निविदा की है, उनका/उनके में/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/होल वितरक/प्राधिकृत डीलर/होल सेलर/विपणन एजेन्ट हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो कि मुझ/हम पर की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपृहत कर लिया जायेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है रद्द कर दिया जायेगा।

दिनांक :–

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबर सील

निविदादाता का नाम :–.................................................

पूर्ण पता :– ..........................................................................

..........................................................................

मो0 नं0 ..........................................................................

Annexure-'02'

# DISTRICT & SESSION COURT, JAIPUR METRO- I

Tender for Rate Conteract for the Supply of Office Stationary Items

NIT No. -------------- ---/-- ----/2023-24/ Dated:

## आपूर्ति / कार्यानुभव का विवरण

| क. सं. | विभाग / संस्थान का नाम | राजकीय / अर्द्धराजकीय / प्राइवेट | कार्यादेश क्रमांक व दिनांक | कार्यादेश की राशि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील